<u>शिक्षा मनोविज्ञान की पद्धतियाँ</u>(Methods of Educational Psychology)

7. साक्षात्कार विधि (Interview Method): इस पद्धति में अध्ययनकर्ता किसी समस्या विशेष का अध्ययन करते समय तत्सम्बन्धित व्यक्तियों से भेंट करके समस्या के बारे में विचार-विमर्श करता है और उसके बारे में जानकारी प्राप्त करता है।

गुण : यह पद्धति सरल और कम खर्चीली है और व्यक्तियों के अध्ययन में समय की भी बचत होती है।

8. उपचारात्मक विधि (Clinical Method) : यह एक व्यक्तिगत पद्धति है जिसे साधारणतः व्यक्तित्व या आचरण सम्बन्धी जटिलताओं का अध्ययन करने के लिए प्रयोग किया जाता है। इस पद्धति में व्यक्ति विशेष की मनोदशा का अध्ययन करके उसको विशिष्ट आवश्यकताओं तथा व्यवहार सम्बन्धी जटिलताओं का ज्ञान प्राप्त करते हैं। उसके बाद सम्बन्धित व्यक्ति की उपचार के लिए राय दी जाती है। यह पद्धति विद्यालयी समस्याओं को हल करने में काफी उपयोगी है।

गुण : (i) पढ़ने में बेहद कठिनाई अनुभव करने वाले बालक

(ii) गम्भीर संवेगों के शिकार बालक

(iii) अपराधी प्रवृत्ति वाले वालक

(iv) बहुत हकलाने वाले बालक

9. गाथा वर्णन विधि (Anecdotal Method): इस विधि में व्यक्ति अपने किसी पूर्व अनुभव या व्यवहार का वर्णन करता है। व्यक्ति अपने पूर्व अनुभव या व्यवहार का पुनः स्मरण करके बताते हैं और मनोवैज्ञानिक एक लेखा तैयार

करते हैं। व्यक्ति के सभी अनुभवों का सावधानी से अध्ययन करते हैं विश्लेषण करके निष्कर्ष निकालते हैं।